दैनिक आयोध्या टाइम

मिशन शक्तिअभियानः महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर पुलिस सक्रिय

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है।रविवार को थाना अमृतपुर, थाना कमालगंज, थाना नवाबगंज, कोतवाली मोहम्मदाबाद और थाना मेरापुर की पुलिस टीमों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और अन्य सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही मिशन शक्ति के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेंगे।